## बिहार लोक सेवा आयोग, पटना

### ऑनलाइन आवेदन भरने हेतु विस्तृत निर्देशः–

ऑनलाइन आवेदन भरने से पूर्व अभ्यर्थी सुनिश्चित कर लें कि:–

- अभ्यर्थी के पास Valid एवं Working E-mail Id तथा Mobile No. मौजूद है। उक्त E-mail Id तथा Mobile No. को अंतिम परीक्षाफल प्रकाशित होने तक सुरक्षित रखेंगे।
- आयोग के Official Website पर प्रदर्शित संबंधित विज्ञापन में अंकित बिन्दुओं का ध्यान पूर्वक अध्ययन कर लिये है एवं विज्ञापन के अनुरूप सभी वांछित प्रमाण पत्र/दस्तावेज मूल रूप से अभ्यर्थी के पास उपलब्ध है।
- संबंधित विज्ञापन के अनुरूप Application Form में Upload किये जाने वाले सभी वांछित प्रमाण पत्र/दस्तावेज की **Scanned Copy (.pdf format, अधिकतम 100 KB size में)** अभ्यर्थी के पास उपलब्ध है।
- जिस System (Desktop/Laptop etc.) से आवेदन भर रहे हैं उसमें अच्छी **Quality** का **Webcam** उपलब्ध हो साथ ही सुनिश्चित करें कि Photo Capture करते समय **Background** सफेद/हल्के रंग का हो एवं पर्याप्त रोशनी **(Sufficient Light)** उपलब्ध हो।
- Upload किये जाने वाले हिन्दी एवं अंग्रेजी हस्ताक्षर का **Scanned Image (.jpg/jpeg format, अधिकतम 15KB size** एवं **dimension 220*100 pixel में)** उपलब्ध है, जो सुस्पष्ट एवं पठनीय हो।

ऑनलाइन आवेदन कैसे करें:–

## Registration:-

1. आवेदक सर्वप्रथम बिहार लोक सेवा आयोग के ऑनलाइन आवेदन की वेबसाईट **https://onlinebpsc.bihar.gov.in** पर जाकर "Online Registration" के टैब पर क्लिक करते हुए, जिस पद के लिए आवेदन करना चाहते हैं, उसके सामने अंकित Apply Online के बटन पर Click करेंगे। Registration पेज पर अभ्यर्थी अपनी संबंधित सूचनाएँ भरेंगे एवं "Submit" बटन पर क्लिक करेंगे, जिसके बाद screen पर User Name एवं Password प्राप्त होगा, जिसे **Registered Mobile no./E-mail Id** पर भी देखा जा सकता है।

## Application:-

2. Registration की प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद Registered Mobile no./E-mail Id पर प्राप्त User Name एवं Password से अभ्यर्थी https://onlinebpsc.bihar.gov.in के Home Page पर Login करेंगे। Login करने के उपरांत अभ्यर्थी Application Form के बटन पर क्लिक करते हुए ऑनलाइन आवेदन भरेंगे।
   i. आवेदन प्रपत्र में कतिपय (कुछ) बॉक्स पूर्व से भरे होंगे, जिसे अभ्यर्थी द्वारा Registration के समय भरा गया है।
   ii. संबंधित विज्ञापन के अनुरूप Application Form में निर्धारित स्थान पर सभी वांछित प्रमाण पत्र/दस्तावेज की **Scanned Copy (.pdf format, अधिकतम 100 KB size में)** Upload करेंगे।
   iii. Application Form में निर्धारित स्थान पर अभ्यर्थी Webcam के माध्यम से अपनी सुस्पष्ट Photo Capture कर Upload करने से पूर्व अभ्यर्थी सुनिश्चित कर ले कि वे टोपी/मफलर/रंगीन चश्मा आदि नहीं पहने हो।
   iv. निर्धारित स्थान पर हिन्दी एवं अंग्रेजी में अपना सुस्पष्ट हस्ताक्षर Upload करेंगे।
   v. इसके बाद अभ्यर्थी Application Form Submit करेंगे।

## Edit:-

3. Registration एवं Application Form में विवरणी भरने के बाद Edit करने की सुविधा उपलब्ध रहेगी, Edit करने का Option, Payment करने के पूर्व तक ही उपलब्ध होगा। इसमें अभ्यर्थी द्वारा भरी गई किसी भी प्रविष्टि में Edit करने का प्रावधान रहेगा।

   **Note:- अभ्यर्थी द्वारा Registration एवं Application Form के विवरणी में आवेदन की निर्धारित अंतिम तिथि तक ऑनलाइन पेमेंट करने के पूर्व ही Edit किया जा सकता है।**

## Payment:-

4. परीक्षा शुल्क के ऑनलाइन पेमेंट करने के पूर्व अभ्यर्थी सुनिश्चित कर लें कि आवेदन में प्रविष्ट की गई सारी सूचनाएँ सही है। Payment के उपरान्त अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन में की गयी प्रविष्टि में Edit करने का कोई प्रावधान नहीं होगा।
5. Dashboard पर उपलब्ध Tab **'Online Payment'** के Button पर Click करते हुए परीक्षा शुल्क का भुगतान करेंगे।

## Download Filled Application Form:-

6. परीक्षा शुल्क के ऑनलाइन पेमेंट करने के बाद अभ्यर्थी उसी समय पुनः Login कर Dashboard पर उपलब्ध Tab **"Download Filled Application Form"** पर Click करते हुए भरा हुआ आवेदन (Pdf) Download कर लेंगे। अभ्यर्थी यह भी सुनिश्चित कर लें कि Download किये गये आवेदन (Pdf)/Hard Copy के प्रत्येक पृष्ठ पर Registration No., Bar Code एवं Submitted Application No. अंकित है। आवेदन (Pdf)/Hard Copy पर Registration No., Bar Code एवं Submitted Application No. में से किसी एक के अंकित नहीं होने पर भी आवेदन पूर्ण रूप से भरा हुआ नहीं माना जाएगा एवं आवेदन स्वीकार्य नहीं होगा।

विस्तृत जानकारी हेतु संबंधित विज्ञापन में अंकित बिन्दुओं का ध्यान पूर्वक अध्ययन करेंगे। Online Application से संबंधित सहायता प्राप्त करने हेतु निम्नलिखित हेल्प लाइन नम्बर पर कार्यालय अवधि में (सोमवार से शुक्रवार, राजपत्रित अवकाश को छोड़कर) सम्पर्क किया जा सकता है।

**Helpline No.- 9297739013 (Only for Query related to Online Application)**

14.6.2022